आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 23.10.2024

मुख्य समाचारः–

1– रायपुर में आज से शुरू हुआ राष्ट्रीय किसान मेला–मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

2– पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली का कल किया जाएगा प्रारंभिक प्रकाशन।

3– चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

4– भिलाई के श्रीमंत झा ने भारत में आयोजित एशिया पैरा आर्म–रेसलिंग कप में स्वर्ण पदक जीता है।

राष्ट्रीय किसान मेला

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल से शुरू हुए चार दिवसीय "राष्ट्रीय किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी" का आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में अनेक काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का रिकॉर्ड टूटेगा।

इससे पहले, कल प्रदर्शनी के पहले दिन "यूथ कॉनक्लेव" का आयोजन किया गया। इसके तहत युवाओं के लिए जॉब फेयर, अन्तर्राष्ट्रीय एजुकेशन फेयर, स्टार्टअप मीट और एकेडेमिया–इन्डस्ट्री मीट आयोजित किए गए। जॉब फेयर में लगभग दो हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न कृषि क्षेत्रों में विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेकर पचासी विद्यार्थियों को जॉब ऑफर पत्र प्रदान किया गया। वहीं, "इंडस्ट्री–एकेडेमिक मीट" के तहत कृषि में अनुसंधान और विकास पर दस कम्पनियों और विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्राध्यापक तथा वैज्ञानिकों के बीच चर्चा हुई।

विद्युत मंडल–कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ पावर कंपनी के कर्मचारियों को अधिकतम बारह हजार रूपये का बोनस दिया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य की तीनों पावर कंपनियों में चयनित तीन सौ पचहत्तर कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पावर कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए कैशलेस हेल्थ योजना भी शुरू की। साथ ही उन्होंने रूफटॉप सोलर एक्सप्लोरर ऐप भी लॉन्च किया।

निर्वाचक नामावली–प्रारंभिक प्रकाशन

प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कल चौबीस अक्टूबर को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने, संशोधन करने या नाम कटवाने के लिए उनतीस अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है।

जो लोग एक जनवरी दो हजार चौबीस को अट्ठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते

हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले के कलेक्टर या अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<u>इंडियन ऑयल–डायलिसिस मशीन</u>

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन राज्य के स्वास्थ्य विभाग को अगले एक महीने में उनतालीस डायलिसिस मशीनें प्रदान करेगा। इस संबंध में आज इंडियन ऑयल कार्पोरेशन और स्वास्थ्य विभाग के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत किया गया है। स्वास्थ्य विभाग को ये मशीनें निःशुल्क प्राप्त होंगी। इनकी मरम्मत और देखरेख फेयर फैक्स इंडिया चेरिटेबिल फाउंडेशन द्वारा की जाएगी। ये डायलिसिस मशीनें नये बने जिलों के साथ ही उन स्थानों पर स्थापित की जाएंगी, जहां पुरानी मशीनें लगी हुई हैं और मरीजों की संख्या ज्यादा है।

<u>बेमेतरा–कुटुम्ब न्यायालय</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कल बेमेतरा में कुटुम्ब न्यायालय भवन का वर्चुअली भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के सभी जिलों में गुणवत्ता और सर्वसुविधायुक्त न्यायालय तथा आवासीय भवन उपलब्ध कराना है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नया भवन सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिससे यहां पक्षकारों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कुटुम्ब न्यायालय के अधिकारी और कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ेगी।

गौरतलब है कि बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय भवन का निर्माण अट्ठारह हजार वर्गफीट में होगा, जिसे पंद्रह महीने के भीतर पूरा किया जाएगा।

<u>रायपुर दक्षिण–नामांकन</u>

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी और कांग्रेस उम्मीदवार आकाश शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। सुनील सोनी के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष जयंती पटेल सहित पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। श्री सोनी पच्चीस अक्टूबर को दोबारा नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, आकाश शर्मा कल चौबीस अक्टूबर को अपने नामांकन का दूसरा सेट जमा करेंगे। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पच्चीस अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर तेरह नवंबर को मतदान होगा।

<u>चक्रवाती तूफान–ट्रेन रद्द</u>

चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

गौरतलब है कि चक्रवाती तूफान दाना कल देर रात या शुक्रवार सुबह तक ओडिशा के तटवर्ती क्षेत्रों में पहुंचेगा।

<u>मुख्यमंत्री–जशपुर</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगीचा विकासखंड की स्व–सहायता समूहों की इक्कीस बिजली सखियों को बिजली किट प्रदान किए हैं। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा स्व–सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग की जाएगी।

आईएएस/आईपीएस–तबादला

राज्य सरकार ने दस आईएएस और तीन आईपीएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव को उनके मूल गृह विभाग में स्थानांतरित किया गया है। वहीं, जशपुर के कलेक्टर रवि मित्तल को जनसंपर्क आयुक्त के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संवाद और प्रोजेक्ट डायरेक्टर, चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा सूरजपुर जिले के कलेक्टर रोहित व्यास के स्थान पर एस. जयवर्धन को सूरजपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, वर्तमान कलेक्टर रोहित व्यास को जशपुर जिले का कलेक्टर बनाया गया है। महिला और बाल विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार जन्मेजय महोबे को दिया गया है, जबकि मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी की कलेक्टर तुलिका प्रजापति बनाई गई हैं। इसके साथ ही कई अन्य अधिकारियों के भी प्रभार बदले गए हैं।

श्रीमंत झा–स्वर्ण पदक

भिलाई के श्रीमंत झा ने भारत में आयोजित एशिया पैरा आर्म–रेसलिंग कप में स्वर्ण पदक जीता है। श्रीमंत ने पचासी किलो वर्ग में यह जीत हासिल की और अपनी इस जीत को उन्होंने जवानों को समर्पित किया है। इस जीत के साथ ही श्रीमंत झा ने पैरा आर्म रेसलिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। श्रीमंत झा विश्व के नंबर तीन और एशिया के नंबर वन खिलाड़ी बन गए हैं। वे पिछले तेरह साल से प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनचास से अधिक मेडल जीते हैं।

केशकाल घाटी–मरम्मत कार्य

कोंडागांव जिले की केशकाल घाटी में सड़क उन्नयन का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रारंभिक स्तर पर डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पेंच और बी.टी. पेंच का कार्य किया जा रहा है।

दुर्घटना

बिलासपुर जिले में आज सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। बताया जाता है कि सिरगिट्टी गांव के पास स्कूटी सवार दो व्यक्तियों को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, सक्ती जिले के पिसौद गांव में स्कूली बच्चों से भरा एक वाहन अनियंत्रित होकर सोन नदी में गिर गया। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया। सभी बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। स्कूली वैन में पंद्रह बच्चे सवार थे और सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

– प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों और मानसेवियों को दीवाली से पहले वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन ओपन संग्रहालय को चौबीस और पच्चीस अक्टूबर को पर्यटकों के लिए बंद रखा जाएगा।

– कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज में हाथियों ने ग्राम कारीछापर में दस एकड़ में लगी फसल को चौपट कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>